TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 14 जून

1. **विश्व रक्तदाता दिवस–** पुरे विश्व भर में जरूरतमंद व्यक्ति के लिये रक्त जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2004 में स्थापित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में और रक्तदाताओं के सुरक्षित जीवन रक्षक रक्त के दान करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है। इसी दिन कार्ल लेण्डस्टाईन का जन्म (14 जून 1868 ई.) हुआ था, जिन्होंने रक्त में एग्ल्यूटिन की मौजुदगी के आधार पर रक्त को कई समूहों में विभाजित किया था।
   - **संदर्भः** वर्ग 7, **विज्ञान भाग 2, अध्याय 18 'जन्तुओं में रक्त परिसंचरण तंत्र'** से जोड़कर चर्चा करें। बच्चें को रक्त समूह के बारे में संक्षिप्त जानकारी भी प्रदान करें।
2. **वेवेल योजना–** भारत के सांवैधानिक गतिरोध को दूर करने के लिए तथा अनुकूल वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से एक विस्तृत योजना 14 जून 1945 ई. को भारत के वायसराय आर्किवाल्ड पेर्सियल वेवेल ने प्रस्तुत किया था जिसे 'वेवेल योजना' कहा गया।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 12, 'राष्ट्रीय आन्दोलन 1885–1947'** के उपखण्ड 'स्वतंत्रता के साथ–साथ विभाजन' से जोड़कर चर्चा करें।
3. **सी. वी रमन को लेनिन पुरस्कार–** 14 जून, 1958 ई. को रमन प्रभाव की खोज करने वाले भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन को क्रेमलिन में लेनिन शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
4. **अमेरिका का झंडा दिवस–** 14 जून को अमेरिका के झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। अमेरिकी क्रांति के दौरान ब्रिटेन के वे उपनिवेश जो बाद में संयुक्त राज्य अमेरिका कहलाये, वे साल 1774 में एकजुट हुए, जिससे कॉन्टिनेंटल कांग्रेस का गठन हुआ। कांग्रेस ने 14 जून, 1777 ई. को फिलाडेल्फिया में एक नये देश के झंडे का स्वरूप तय किया। इसमें पारित प्रस्ताव के अनुसार, 13 लाल और सफेद धारियों वाले नये झंडे कर स्वरूप निर्धारित किया। इस दिन को 1885 से अमेरिका में झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राज्य के प्रतीक के तौर पर झंडे की नीली सतह पर 13 सफेद तारे अंकित थे जिनकी संख्या बाद में अमेरिकी संघ में नये राज्य जुड़ने के साथ बदलती रही। 1818 में अमेरिकी कांग्रेस ने प्रस्ताव पारित किया कि पट्टियों की संख्या में वृद्धि नहीं होगा, यानी वो हमेशा 13 ही रहेगी, लेकिन नया राज्य जुड़ने पर झंडे में एक नया तारा जोड़ दिया जायेगा।

F r i d a y

/teachersofbihar

Madhu priya

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

14 जून

## मधु प्रिया

# विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून




विश्व रक्तदाता दिवस स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले उन रक्त दाताओं को धन्यवाद करने का अवसर है, जो कई लोगों का जीवन बचाते हैं ।कई बार आपात स्थिति में एक्सीडेंट के दौरान या फिर ऑपरेशन या किसी अन्य कारण से खून की आवश्यकता जब मरीज को पड़ती है, ऐसे में रक्तदाताओं द्वारा दान किए गए खून से कई लोगों की जान बचाई जाती है। ऐसे ही ब्लड डोनर्स के महत्व और उन्हें धन्यवाद करने के लिए प्रति वर्ष 14 जून को 'वर्ल्ड ब्लड डोनर डे' मनाया जाता।इस वर्ष 14 जून 2022 को मंगलवार के दिन मनाया जा रहा है, और 2022 का नारा "रक्तदान एकजुटता का कार्य है प्रयासों में शामिल हो और जीवन बचाएं" है।यह दिवस 14 जून 1868 को जन्मे नोबेल पुरस्कार विजेता और "एबीओ रक्त समूह" की खोज करने वाले कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है।इस मौके पर डब्ल्यूएचओ दुनिया भर के लोगों से एकजुटता के भाव में रक्त दान करने का आह्वान करता है।विश्व रक्तदाता दिवस मनाए जाने की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस संघ, और रेड क्रिसेंट समाज द्वारा वर्ष 2004 में की गई थी, जिसमें 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाए जाने की बात कही गई थी। जिसके बाद पहला विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून 2004 को मनाया गया था, और 2005 में इसे 58वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में वार्षिक वैश्विक कार्यक्रम के रूप में नामित किया गया।

# पुण्यतिथि विशेष 14 जून

राकेश कुमार



## मैक्स वेबर

**मैक्सिमिलियन कार्ल एमिल मैक्स वेबर** *Max Weber*, जन्म: 21 अप्रैल, 1864 - मृत्यु: 14 जून, 1920) एक जर्मन वकील, इतिहासकार, राजनीतिज्ञ, समाजशास्त्री, साथ ही के रूप में एक राजनीतिक अर्थशास्त्री जाना जाता है। उनके विचारों ने गहराई से सामाजिक सिद्धांत और सामाजिक अनुसंधान को प्रभावित किया। वेबर, विधिपरक एंटीपॉसेटिववाद के एक प्रमुख समर्थक थे, जो उद्देश्य को समझने के आधार पर व्याख्यात्मक (बल्कि विशुद्ध अनुभववादी के बजाय) के माध्यम से सामाजिक क्रिया के अध्ययन के लिए बहस करते हैं और इसका अर्थ है कि व्यक्ति अपने कार्यों के साथ संलग्न होते हैं।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 14.06.2024

## सामाजिक अनुसंधान

सामाजिक अनुसन्धान एक ऐसी विधि है जिसमें प्राक्कल्पना की उपयुक्तता की जाँच अथवा परीक्षण किया जाता है। सामाजिक अनुसंधान जहाँ विशुद्ध ज्ञान की खोज पर जोर देता है, वहाँ साथ ही इसका प्रयोग व्यावहारिक समस्याओं को हल करने के लिए भी किया जा सकता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**नीदरलैंड में यह पुल गिलहरियों के लिए बनाया गया है ताकि गिलहरियां सुरक्षित रोड पार कर सकें।**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 415

प्रत्येक वर्ष 14 जून को मनाए जाने वाले "विश्व रक्तदान दिवस "की स्थापना WHO द्वारा किस वर्ष की गई ?

A. वर्ष 1991

B. वर्ष 1998

C. वर्ष 2001

D. वर्ष 2004



सही उत्तर: D

www.teachersofbihar.org

# TOB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## T-20 वर्ल्ड कप




## टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए बेस्ट बॉलिंग फिगर

| बॉलर | फिगर | बनाम | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| अर्शदीप सिंह | 4/9 | अमेरिका | न्यूयॉर्क | 2024 |
| आर अश्विन | 4/11 | ऑस्ट्रेलिया | मीरपुर | 2014 |
| हरभजन सिंह | 4/12 | इंग्लैंड | कोलंबो | 2012 |
| आर पी सिंह | 4/13 | सा. अफ्रीका | डरबन | 2007 |
| जहीर खान | 4/19 | आयरलैंड | नॉटिंघम | 2009 |

SAY NO TO STIGMATISATION AGAINST ALBINISM

WE ARE ALL EQUAL

FRIENDS WITH ALBINISM



# अंतर्राष्ट्रीय एल्बेनिज्म जागरुकता दिवस

TEACHERS OF BIHAR

THE CHANGE MAKERS

**13 जून**

**ऐल्बिनिज्म या रंगहीनता एक वंशानुगत डिसऑर्डर का एक समूह है, जिसमें पिग्मेंट मेलानिन का बहुत कम या कोई उत्पादन नहीं होता है।**

**रंगहीनता के शिकार लोगों के प्रति हो रहें भेद-भाव के प्रति लोगों को जागरुक करे एवं ऐसे लोगों के साथ मित्रवत व्यवहार रखें।**

/teachersofbihar

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मुखर कविता के लिए जानी जाने वाली वरिष्ठ कवयित्री, तार सप्तक की प्रसिद्ध कवयित्री
कीर्ति चौधरी
के पुण्यतिथि पर सादर नमन।
जन्म- 1 जनवरी 1934 - मृत्यु– 13 जून 2008
Madhu priya
/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
14 जून
समय का हर क्षण, और रक्त का हर कण अमूल्य है।
विश्व रक्तदाता दिवस
पर समस्त रक्तदाताओं का दिल से आभार।
Madhu priya
/teachersofbihar

14 जून 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जैसे ही आप खुद पर भरोसा करोगे आपको पता चल जाएगा कि जीना कैसे है।

**वान गोएथे**



राकेश कुमार